

# फिल्म 'कर्तव्य' के ट्रेलर की एक झलक

धर्म निभाते हैं तो कर्म छूट जाता है, कर्म करते हैं तो धर्म छूट जाता है, कर्तव्य तक बात पहुंच ही नहीं पाती.' हर फैसले की कीमत चुकानी पड़ने वाली दुनिया में 'कर्तव्य' फिल्म सही और गलत के बीच की उस उलझन को दिखाती है, जहां कर्तव्य और उसके नतीजे एक-दूसरे के सामने खड़े हो जाते हैं. नेटफ्लिक्स ने इस आने वाली क्राइम ड्रामा फिल्म 'कर्तव्य' का दमदार ट्रेलर जारी किया है, फिल्म 15 मई से नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी. जिसमें सैफ अली खान मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं. ट्रेलर एक ऐसी दुनिया की झलक दिखाता है जो तनाव और रहस्य से भरी हुई है. इस फिल्म में रसिका दुग्गल, संजय मिश्रा, जाकिर हुसैन, मनीष चौधरी और सौरभ द्विवेदी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जिन्होंने अपने शानदार अभिनय से कहानी को और भी प्रभावशाली बना दिया हैं. पुलकित के निर्देशन में बनी और गौरी खान द्वारा रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित 'कर्तव्य' की कहानी पवन (खान) नाम के एक पुलिस अफसर के बारे में है. ड्यूटी के दौरान उसकी निगरानी में एक पत्रकार की गोली मारकर हत्या हो जाती है, जिसके बाद पवन पर सवाल उठने लगते हैं. अपने वरिष्ठ अधिकारियों के दबाव के बीच पवन हमलावर की तलाश में जुट जाता है. यह जांच उसे सत्ता, प्रभाव और धोखे से भरी एक खतरनाक दुनिया में ले जाती है, जहाँ सच्चाई ढूंढना आसान नहीं होता. इसी बीच उसकी निजी जिंदगी भी बिखरने लगती है. उसके भाई से जुड़े विवाद के कारण उसके परिवार को धमकियां मिलने लगती हैं. इस वजह से पवन का संघर्ष सिर्फ काम तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसे घर और नौकरी दोनों जगह मुश्किलों का सामना करना पड़ता है. जैसे-जैसे मामला आगे बढ़ता है, पवन अपने कर्तव्य और परिवार के बीच फंस जाता है, जहाँ हर फैसले की एक कीमत चुकानी पड़ती है.

# इंस्पेक्टर अविनाश के दूसरे सीज़न का ट्रेलर हुआ आउट




क्राइम थ्रिलर इंस्पेक्टर अविनाश का दूसरा सीज़न अब ट्रेलर के साथ सामने आ गया है. इस बार रणदीप हुड्डा मुख्य भूमिका में वापसी कर रहे हैं, और कहानी में उन्हें अब तक की सबसे बड़ी और चुनौतीपूर्ण लड़ाई का सामना करना होगा. पहले सीज़न को दर्शकों और क्रिटिक्स से मिले शानदार रिस्पॉन्स के बाद, यह नया सीज़न पहले से भी बड़ा, रोमांचक और दमदार होने वाला है.

जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रोड्यूस और नीरज पाठक द्वारा डायरेक्ट की गई इस सीरीज़ में उर्वशी रौतेला, अमित सियाल, अभिमन्यु सिंह, रजनीश दुग्गल, शालिन भनोट और फ्रेडी दारूवाला जैसे प्रतिष्ठित कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं.

नया सीज़न 1990 के दशक के उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि में फिल्माया गया है और अविनाश मिश्रा की जिंदगी के सबसे कठिन समय को पेश करता है. अपने बेटे की हत्या के आरोप और अपनी शादी के टूटने की कगार पर होने के बावजूद, अविनाश को एक ऐसी लड़ाई लड़नी पड़ती है, जो पुलिस के दायित्वों से परे है. ट्रेलर में अविनाश, अपराध, राजनीति और भ्रष्टाचार के बीच टकराव का रोमांचक दृश्य दिखाया गया है. जैसे-जैसे क्राइम लॉर्ड शेख और देवी हथियारों का कार्टेल फैलाते हैं, दोस्त और दुश्मन के बीच की सीमाएँ धुंधली पड़ने लगती हैं. सिस्टम से धोखा मिलने, सस्पेंड होने और गिरफ्तारी के बाद, अविनाश खुद को एक बड़े खेल का मोहरा पाता है, जो उसे पूरी तरह तबाह करने की धमकी देता है.

ट्रेलर में बड़े पैमाने पर तैयार किए गए एक्शन, तीखी झड़पें और भावनाओं से भरे दृश्य दिखाई देते हैं. यह एक ऐसी दुनिया पेश करता है, जहाँ दांव पहले से कहीं ऊँचे हैं, दुश्मन कहीं अधिक खतरनाक हैं, और इंसाफ की कीमत पहले से कहीं भारी है.

रणदीप हुड्डा कहते हैं, 'इस सीज़न में अविनाश का असली रूप सामने आता है. अब वह सिर्फ़ जुर्म से ही नहीं, बल्कि अपने परिवार, अपनी सच्चाई और अपने अस्तित्व के लिए भी लड़ रहा है. एक्शन असली है, भावनाएँ गहरी हैं और यह सफर बेहद रोमांचक होने वाला है.



# दिशा का एक्शन अवतार

## 'द पोर्टल ऑफ़ फ़ोर्स' का ट्रेलर हुआ रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के पहले इंटरनेशल प्रोजेक्ट 'द पोर्टल ऑफ़ फ़ोर्स' का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है.

ट्रेलर में दिशा जेसिका के किरदार में नज़र आती हैं,जो इस एपिक सुपरनैचुरल कहानी का इमोशनल और नैरेटिव सेंटर है. कहानी दो प्राचीन गुटों स्टैटिगार्ड्स वर्सेस होलीगार्ड्स सागा के बीच चल रही जबरदस्त टक्कर पर आधारित है.

''द पोर्टल ऑफ़ फ़ोर्स' की पहली फिल्म है, जो एक नए सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरुआत करती है, जिसे लाडो ओखोटनिकोव ने बनाया है.कहानी के मूल में है दो पुरानी ताकतों की भिड़ंत . स्टैटिगार्ड्स, जो दुनिया को बैलेंस में रखने वाले नियम और व्यवस्था के पक्ष में हैं, और होलीगार्ड्स, जो बिल्कुल अलग विचारधारा पर चलते हैं. जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, जेसिका का अलौकिक परिवर्तन देखने को मिलता है. दिशा पाटनी ने कहा, मैं इस खास प्रोजेक्ट के ट्रेलर के लिए काफी एक्साइटेड थी. मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट करना एक साथ थ्रिलिंग और डराने वाला एक्सपीरियंस था,लेकिन सीखने के मौके बहुत बड़े थे. इतने अनुभवी कास्ट के साथ काम करना अपने आप में एक लर्निंग था.

## टेलीविजन



# कलाकारों ने मां के रिश्ते को किया सलाम

मदर्स डे एक ऐसा खास दिन है, जो मां के निस्वार्थ प्यार, उसकी शांत ताकत और मां-बच्चे के उस अटूट रिश्ते का जश्न मनाता है, जो जिंदगी भर साथ रहता है. यह दिन हमें उस ममता, मार्गदर्शन और त्याग की याद दिलाता है, जो हमें बनाता है और हर कदम पर संभालता है. ज़ी टीवी की कहानियों में भी मां हमेशा रिश्तों की सबसे मजबूत कड़ी बनकर सामने आई है, जो अपने प्यार, धैर्य और हिम्मत से पूरे परिवार को जोड़े रखती है. इस मदर्स डे पर ज़ी टीवी के आपके फेवरेट कलाकारों, अमनदीप सिद्धू, भरत अहलावत, निहारिका चौकसे, मानसी जोशी रॉय, शगुन पांडे, प्रिया ठाकुर और सोनाक्षी बत्रा ने मां के लिए अपने दिल की बात कही और उस प्यार, सम्मान और अपनापन को सलाम किया, जो मां को सबसे खास बनाता है. 'गंगा माई की बेटियां' में स्नेहा का किरदार निभा रहीं अमनदीप सिद्धू कहती हैं, 'सभी को मदर्स डे की ढेर सारी शुभकामनाएं. बचपन से मैंने देखा है कि मां पूरे परिवार की जिम्मेदारी हमेशा मुस्कुराते हुए उठाती है. अब जब मैं बड़ी हो गई हूं, तब सच में समझ पाती हूं कि मेरी मां ने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए कितने त्याग किए.

# अभिनेत्रियों ने प्यार और आभार के साथ मनाया मदर्स डे



कलर्स के शो 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' से जुड़ी निया शर्मा ने कहा, 'मेरी ताक़त सीधे मेरी मां से मिली है. मैंने उन्हें ज़िंदगी को अद्भुत हिम्मत और धैर्य के साथ संभालते देखा है और वही आत्मविश्वास आज मेरे अंदर है. लोग मेरी ऊर्जा देखते हैं और समझते हैं कि मेरे पीछे हमेशा एक ऐसी महिला रही है जिसने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया. उन्हें मेरे काम की दुनिया में मेरे साथ देखना मेरे लिए सबकुछ था. मैं जानती हूँ कि मैं कभी उनकी तरह नहीं कर पाऊँगी, लेकिन ईमानदारी से कोशिश करती रहूँगी. हैप्पी मदर्स डे सभी अद्भुत माताओं को.कलर्स के शो 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' से जुड़ी अंकिता लोखंडे ने कहा, 'ज़िंदगी में कुछ आशीर्वाद दोगुने मिलते हैं और मेरे लिए वह आशीर्वाद है दो माताओं का प्यार. एक जिन्होंने मुझे जन्म दिया और दूसरी मेरी सास, जिन्होंने मुझे अपनी बेटी की तरह अपनाया.

# हेली शाह की सीरीज़ 'गुल्लक 5' में एंट्री



अभिनेत्री हेली शाह अब टीवीएफ की बेहद पसंदीदा सीरीज़ 'गुल्लक' के सीज़न 5 में नज़र आने वाली हैं.

मिडिल क्लास भारतीय परिवार की सादगी, अपनेपन और रोज़मर्रा की चुनौतियों को खूबसूरती से दिखाने वाली इस सीरीज़ ने पिछले कुछ वर्षों में दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है. फिलहाल मिश्रा परिवार की भावुक और मज़ेदार कहानियों से जुड़ाव महसूस करने वाले फैंस अब नए सीज़न का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं.

हेली शाह, जिन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है, इससे पहले भी 'गुल्लक' की दुनिया में अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी हैं. उनके किरदार को दर्शकों ने काफी भी पसंद किया था, खासकर उनकी सादगी और शो की नैचुरल कहानी के साथ उनकी सहज केमिस्ट्री को.

हाल ही में रिलीज़ हुई हेली शाह की नई तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर फैंस के बीच उत्साह और बढ़ा दिया है. कैजुअल एथलीज़र लुक में नज़र आ रहीं हेली के चेहरे के इमोशनल एक्सप्रेशंस इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि इस बार उनकी कहानी सीज़न में एक नया भावनात्मक पहलू जोड़ सकती है. तस्वीरों में एक ऐसा सीन भी देखने को मिल रहा है, जो काफी भावुक नज़र आता है और दर्शकों के मन में मिश्रा परिवार के साथ उनके रिश्ते को लेकर उत्सुकता बढ़ा रहा है.

अपने पुराने अंदाज़, हल्के-फुल्के हास्य और दिल छू लेने वाली स्लाइस-ऑफ-लाइफ कहानी के साथ 'गुल्लक' सीज़न 5 एक बार फिर जहां दर्शकों को यादगार सफर पर ले जाने के लिए तैयार है, वहीं, हेली शाह की एंट्री इस सीज़न में एक नया और ताज़ा रंग जोड़ने वाली है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है.

# कुब्रा सैत ने गोल्डन टेंपल में टेका माथा



अपने लगातार व्यस्त शूटिंग शेड्यूल, ट्रैवल और निजी ज़िंदगी के बीच अभिनेत्री कुब्रा सैत ने हाल ही में आध्यात्मिक सुकून के कुछ पल बिताए. कुब्रा ने अमृतसर के प्रसिद्ध गोल्डन टेंपल पहुंचकर न सिर्फ माथा टेका, बल्कि वहां से अपनी एक शांत और खूबसूरत तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसने फैंस का दिल जीत लिया है.

इस तस्वीर में सादगी भरे पारंपरिक लुक में, सिर ढके हुए कुब्रा बेहद शांत और भावुक नजर आ रही हैं. पवित्र स्थल पर खिंचवाई गई तस्वीर के साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है, 'समर्पण करने आई थी... लेकिन जिंदगी की सबसे बड़ी नेमत मिल गई. ऐसा हमेशा होता है!'

इसके साथ ही उन्होंने वाहेगुरु, गोल्डन टेम्पल और पवित्र जैसे हैशटैग भी इस्तेमाल किए हैं, जिससे उनके शब्दों में आस्था, शांति और आध्यात्मिक संतोष साफ झलक रहा था. गौरतलब है कि अपने दमदार अभिनय और बेबाक अंदाज के लिए पहचानी जाने वाली कुब्रा अक्सर फैंस के साथ अपनी निजी जिंदगी की झलकियां साझा करती रहती हैं.

## यंग इंडिया




# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में नॉन-टीचिंग पदों पर भर्ती

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए एक सुनहरा मौका पेश किया है. विश्वविद्यालय ने नॉन-टीचिंग (गैर-शिक्षण) वर्ग के कुल तीन रिक्त पदों पर भर्ती के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है. यह उन उम्मीदवारों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जो केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में सेवा देना चाहते हैं. इस भर्ती अभियान के तहत पब्लिक रिलेशन ऑफिसर (जनसंपर्क अधिकारी) का एक पद, प्राइवेट सेक्रेटरी (निजी सचिव) का एक पद और पर्सनल असिस्टेंट (व्यक्तिगत सहायक) का एक पद शामिल है. इन सभी पदों के लिए योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं.

हरियाणा सेंट्रल यूनिवर्सिटी की ओर से जारी इन महत्वपूर्ण पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 अप्रैल से शुरू हो चुकी है. आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मई तय की गई है.

**योग्यता और आयु सीमा-** उम्मीदवारों के पास संबंधित पद के अनुसार मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री तथा आवश्यक कार्यानुभव होना चाहिए. कुछ पदों के लिए शॉर्टहैंड, टाइपिंग और कंप्यूटर ज्ञान भी अनिवार्य है. अधिकतम आयु सीमा पदानुसार 35 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है. आरक्षित वर्ग को नियमानुसार आयु में छूट मिलेगी.

**चयन प्रक्रिया और वेतन-** चयन लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षा, इंटरव्यू और दस्तावेज सत्यापन के आधार पर किया जाएगा. चयनित उम्मीदवारों को रु. 35,400 से रु. 56,100 प्रतिमाह वेतन और अन्य भत्ते दिए जाएंगे.

**आवेदन शुल्क-** ग्रुप-ए पदों के लिए सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग का शुल्क रु. 1,500 तथा ग्रुप-बी पदों के लिए रु. 800 निर्धारित है. महिला, एससी, एसटी और दिव्यांग उम्मीदवारों को शुल्क में छूट दी गई है.

**आवेदन प्रक्रिया-** उम्मीदवार विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. रजिस्ट्रेशन के बाद फॉर्म भरें, दस्तावेज अपलोड करें, शुल्क जमा करें.

# छत्तीसगढ़ इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2026 के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है. इस भर्ती अभियान के अंतर्गत कुल 46 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी. इनमें प्रमुख रूप से सहायक अभियंता के पद शामिल हैं. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 मई 2026 से प्रारंभ होगी और अभ्यर्थी 11 जून 2026 तक आवेदन कर सकेंगे.

यदि आवेदन पत्र भरते समय किसी प्रकार की त्रुटि हो जाती है, तो उम्मीदवारों को संशोधन का अवसर भी दिया जाएगा. इसके लिए करेक्शन विंडो 12 जून से 14 जून 2026 तक खुली रहेगी. आयोग ने फिलहाल लिखित परीक्षा की तिथि घोषित नहीं की है. परीक्षा से संबंधित जानकारी शीघ्र ही आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी.

यह भर्ती सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखाओं के लिए की जाएगी. चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति राज्य सरकार के विभिन्न तकनीकी विभागों में होगी.

**शैक्षणिक योग्यता-** उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से संबंधित शाखा (सिविल, मैकेनिकल या इलेक्ट्रिकल) में बी.ई./बी.टेक की डिग्री होना अनिवार्य है. अंतिम वर्ष के छात्र भी आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते उनका परिणाम आवेदन की अंतिम तिथि यानी 11 जून 2026 तक घोषित हो जाए. कुछ विशेष पदों के लिए एएमआईई प्रमाणपत्र भी मान्य होगा. आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाणपत्र आवश्यक रहेगा.

**आयु सीमा-** अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा अधिकतम आयु 30 वर्ष निर्धारित की गई है. राज्य के स्थानीय निवासियों तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को शासन के नियमों के अनुसार आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी. आयु की गणना 11 जून 2026 को आधार मानकर की जाएगी.

**वेतनमान-** सहायक अभियंता के पदों पर चयनित उम्मीदवारों को पे-मैट्रिक्स लेवल-12 के अंतर्गत रु. 56,100 से रु.1,77,500 तक वेतन प्रदान किया जाएगा.



# सशस्त्र सीमा बल ने निकाली 404 पदों पर भर्ती

सशस्त्र सीमा बल ने स्पोर्ट्स कोटा के तहत कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) पदों पर भर्ती (SSB Recruitment 2026) निकाली है. जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया 9 मई 2026 से शुरू हो चुकी है. पात्र उम्मीदवार 7 जून 2026 तक ऑनलाइन एसएसबी के आधिकारिक वेबसाइट http//applyssb.com पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं. इससे पहले सभी उम्मीदवारों को अधिसूचना पढ़ने की सलाह दी जाती है. जिसमें पात्रता से लेकर चयन प्रक्रिया तक की डिटेल जानकारी उपलब्ध है.

रिक्त पदों की संख्या कुल 404 है. वैकेंसी को अलग-अलग स्पोर्ट्स क्षेत्र में विभाजित किया गया है. पुरुष और महिला दोनों ही आवेदन के पात्र हैं. फॉर्म भरने के लिए जनरल/ओबीसी/ ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को 100 रुपये शुल्क का भुगतान करना होगा. एससी, एसटी और महिला उम्मीदवारों को शुल्क भुगतान से छूट प्रदान की गई है .

**योग्यता और आयु सीमा -** आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों का किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से दसवीं पास या समकक्ष होना अनिवार्य है. इसके अलावा स्पोर्ट्स योग्यता की निर्धारित की गई है. अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले/ सीनियर या जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक विजेता/खेलो इंडिया या यूथ यूनिवर्सिटी विंटर या पैरा से पदक विजेता/सीजीएफआई में पदक विजेता/ अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले/ राष्ट्रीय स्कूल प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करने वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं.

# मई में सरकारी नौकरी के बड़े अवसर

यदि आप सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं और किसी अच्छे अवसर की तलाश में हैं, तो मई 2026 आपके लिए खास साबित हो सकता है. इस महीने केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में भर्तियां निकली हैं. इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी 5 मई से 20 मई 2026 के बीच अलग-अलग भर्ती प्रक्रियाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं. कई भर्तियों की आवेदन प्रक्रिया जारी है, जबकि कुछ की अंतिम तिथि नजदीक है. ऐसे में उम्मीदवार समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें.



**एसएससी स्टेनोग्राफर ग्रेड 'सी' और 'डी' भर्ती 2026-** कर्मचारी चयन आयोग इस भर्ती के माध्यम से 731 पदों को भरेगा. आवेदन प्रक्रिया 24 अप्रैल 2026 से शुरू हो चुकी है और अंतिम तिथि 15 मई 2026 है. 12वीं पास उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं. आयु सीमा पदानुसार 18 से 27 वर्ष और 30 वर्ष तक निर्धारित है. चयन लिखित परीक्षा और स्किल टेस्ट के माध्यम से होगा.

**यूनियन बैंक अप्रेंटिस भर्ती 2026-** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 1865 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती निकाली है. आवेदन की अंतिम तिथि 19 मई 2026 है. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं. आयु सीमा 20 से 28 वर्ष निर्धारित है. चयन ऑनलाइन परीक्षा के आधार पर होगा. चयनित अभ्यर्थियों को रु.15,000 से रु. 20,000 प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा.

**यूपीएसएसएससी एएसओ भर्ती 2026-** UPSSSC ने 929 सहायक सांख्यिकी अधिकारी पदों पर भर्ती निकाली है. आवेदन की अंतिम तिथि 11 मई 2026 है. संबंधित विषय में मास्टर डिग्री और कंप्यूटर प्रमाणपत्र रखने वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं. आयु सीमा 21 से 40 वर्ष तय की गई है. चयन PET स्कोर और लिखित परीक्षा के आधार पर होगा. चयनित उम्मीदवारों को रु.35,400 से रु.1,12,400 प्रतिमाह वेतन मिलेगा.